# कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, जिला–दमोह

क्रमांक/ / रीडर / 2021 दमोह दिनांक 23/06/2021

प्रति,

माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण,
भोपाल बेंच
भोपाल

विषयः– माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण भोपाल बेंच में विचाराधीन प्र.क्र./92/2020(CZ) पक्षकार अजय चौबे विरूद्ध म.प्र.शासन में व अन्य कें संबंध में ।

सदंर्भ :– माननीय कलेक्टर महोदय (व्यवहारवाद) दमोह कें पत्र क्रमांक 989/व्यवहारवाद /2021 दमोह दिनांक 27/03/2021.

---000--

विषयांतर्गत माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा प्रकरण की वस्तुस्थिति एवं की गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु आदेशित किया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 18/06/2021 को तहसीलदार दमोह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह क्षेत्रीय कार्यालय म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर के मुख्य रसायनज्ञ एवं राजस्व अपरीक्षक नजूल के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। बिन्दुवार प्रतिवेदन इस प्रकार है।

1. आवेदक अजय चौबे द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया कि दमोह शहर के शासकीय नाले (करौंदा नाला ) पर प्रतिवादी क्रमांक 03 एंव 04 क्रमशः श्री सुशील गुप्ता एंव श्री राजेश एलबर्ट द्वारा अनाधिकृत निर्माण किया गया है जिससे नाले के पानी के निकास मे अवरोध उत्पन्न हुआ है। इससे पर्यावरण को क्षति होगी तथा सीवेज का पानी फैलेगा जिसका लोगो के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पडेगा।

उक्त बिंदु जांच मे पाया गया कि खसरा नं0 01 रकवा 2.582 हे0 म0प्र0शासन नाला (करौंदा नाला) दर्ज है प्रतिवादी क0 03 द्वारा नगर पालिका द्वारा निर्मित, नाले पर मात्र पुलिया बनायी गई है जिससे नाले के पानी की निकासी मे किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती है। बल्कि बहाव सुचारू रूप से हो रहा है।( फोटाग्राफ संलग्न )

यह सही है कि प्रतिवादी क. 03 के भूमिस्वामी स्वत्व की आराजी ख0नं0 4/10/ख रकवा 0.673 हे0 जिस पर टाइम्स कालेज निर्मित है उक्त शासकीय नाले से लगी हुई है । प्रतिवादी का नाले के उत्तर पश्चिमी कोने पर 200 वर्गफुट पर रेलिंग तथा बाउन्ड्रीवाल

बनाकर अवैध कब्जा पाया गया है जिसे हटाने मे स्वयं प्रतिवादी ने सहमति दी है तथा हटाना प्रारंभ कर दिया है ।

इस स्थान पर पक्का नाला निर्मित नहीं है तथा पानी के निकास में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती है।

प्रतिवादी क्र 04 का नाले के पश्चिम दिशा की ओर गेट लगाकर कब्जा पाया गया था जिसे हटवा दिया गया है। गेट के कारण जल निकासी पर कोई प्रभाव नहीं पडता था।

2. आवेदक ने लेख किया है कि नाले की चौडाई कही कहीं 46 फुट, 60 या 64 फुट थी जबकि वर्तमान में अतिक्रमण के कारण मात्र 6 से 8 फुट रह गयी है जिससे नाले के पानी निकासी पर प्रभाव पडा है। यह भी लिखा कि विवेकानंद नगर के लगभग 5000 लोग बरसात के समय अत्यधिक पानी भरने के कारण भयाक्रांत रहतें हैं तथा सोसायटी में सीवेज का पानी भी भरता है जिससे बाढ जैसी स्थिति बनती है।

निवेदन है कि मौके पर नगरपालिका दमोह द्वारा निर्मित नाले की चौडाई 6 से 8 फुट है जो शासन के निर्देशानुसार ही है। पानी निकासी प्रभावित नहीं होती है फिर भी उक्त बिंदु को दृष्टिगत रखते हुये नाले के हाउसिंग बोर्ड कालोनी की तरफ वाले किनारें पर वीप–होल्स निर्मित करा दिये गयें हैं। जिससे भविष्य में कालोनी में वर्षा का पानी न भरे।

उल्लेखनीय है कि टाइम्स कालेज के द्वारा निर्मित पुलिया के सामने की ओर आवेदक अजय चौबे के हाउसिंग बोर्ड से प्राप्त दो प्लाट क्र 325 A एवं 325 B हैं। आवेदक द्वारा नाले की सीमा पर अपना पिलर बना कर कब्जा किया गया है ( फोटोग्राफ संलग्न हैं ) ।

संपूर्ण जांच में मुख्य रूप से यह पाया गया कि करौंदा नाला है जो आमचौपरा से निकलकर दमोह शहर व लाडनबाग से होता हुआ हिरदेपुर तक जाता है जिसमे बरसात के पानी की निकासी के साथ विभिन्न कालोनियों वैशालीनग़र, पुलिस कालोनी, श्रीवास्तव कालोनी, विवेकानंद नगर का सीवेज की निकासी होती है। नाले का प्राकृतिक बहाव किसी भी प्रकार से बाधित नही होता, न ही पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव पड रहा है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुख्य रसायनज्ञ<br>क्षेत्रीय कार्या.म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड<br>सागर | मुख्यनगरपालिका अधिकारी<br>दमोह | तहसीलदार, नजूल<br>दमोह | अनुविभागीय अधिकारी<br>(राजस्व) दमोह |


Latitude: 23.815041
Longitude: 79.435429
Elevation: 371.57 m
Accuracy: 4.5 m
Time: 19-06-2021 11:48
Note: times college ki paasam ratnala contraction sthal
Powered by NoteCam


TIMES
Latitude: 23.814941
Longitude: 79.435514
Elevation: 368.57 m
Accuracy: 2.0 m
Time: 19-06-2021 11:51
Note: times collage in side amit nala


Latitude: 23.815411
Longitude: 79.434554
Elevation: 362.57 m
Accuracy: 3.5 m
Time: 18-06-2021 13:14
Note: टाइम्स कॉलेज के सामने
Powered by NoteCam


Latitude: 23.815427
Longitude: 79.434544
Elevation: 363.57 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 18-06-2021 13:15
Note: टाइम्स कॉलेज के सामने अमृत नाला निर्माण कार्य का स्थल


Latitude: 23.815401
Longitude: 79.43454
Elevation: 369.56 m
Accuracy: 4.5 m
Time: 19-06-2021 11:42
Note: Amrit Nala times colle ke pass Pani nikasi Hetu hole fitting Karya
Powered by NoteCam